भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)
दैनिक जागरण
Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)
दिनांक : 18.10.2019

उद्घाटन

- आइआइटी-बीएचयू के वार्षिक खेल उत्सव स्पर्द्धा-2019 का उद्घाटन, जिमखाना ग्राउंड में शाम 4.30 बजे।

आज से होगा 'स्पर्द्धा-2019' का आगाज

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव स्पर्द्धा-2019 का आयोजन 18 से 20 अक्टूबर तक किया गया है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन अर्जुन अवार्डी व भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान राजपाल सिंह व अर्जुन अवार्डी बॉक्सर मंदीप जांगड़ा करेंगे। इसमें देश के करीब 350 शिक्षण संस्थानों के लगभग 2000 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान 21 खेल में स्पर्द्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहली बार तैराकी को भी स्थान दिया गया है जिसका आयोजन बीएचयू तरणताल में किया जाएगा। वहीं सभी खेल आयोजन संस्थान के राजपुताना मैदान, जिमखाना मैदान, एथलीट ग्राउंड के साथ ही पहली बार बीएचयू के मैदानों में भी आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह का आयोजन रविवार को होगा जिसके मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी अमित मिश्रा व निशानेबाज रंजन सिंह होंगे।